# राज्यपाल ने दौसा में टीबी, नशा मुक्ति व शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली

दौसा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में टीबी की स्थिति, मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए की जा रही कार्रवाई तथा शिक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए टीबी मरीजों को समय पर पूरा उपचार मुहैया कराने, 'नशा मुक्त दौसा' बनाने के लिए नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने जिले में टीबी की स्थिति की समीक्षा करते हुए वर्तमान में टीबी से ग्रसित मरीजों की संख्या, उनकी औसत आयु और उपचार की स्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों से रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त जिले का लक्ष्य रखते हुए टीबी के प्रत्येक



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक ली।

मरीज को समय पर समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए। गंभीर मरीजों को आवश्यकता के अनुसार अस्पताल में भर्ती कर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने जिले में मादक पदार्थों के उपयोग एवं नशे की स्थिति की समीक्षा करते हुए 'नशा मुक्त दौसा' बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ युवाओं के मन में नशे के प्रति नकारात्मक भावना विकसित की जाए। नशीले पदार्थों के स्त्रोतों को चिन्हित

- टीबी मरीजों को समय पर मिले पूरा उपचार : राज्यपाल
- बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

कर उन्हें बंद करने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस मादक पदार्थों के स्त्रोत तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों को अपने कार्मिकों के स्तर पर भी नशा मुक्ति के लिए पहल करनी चाहिए। शिक्षण संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की उपलब्धता पूरी तरह रोकने के लिए संबंधित विभाग समन्वय से कार्रवाई करें। पुलिस नशे के नेटवर्क के खिलाफ दृढ़ता से कार्रवाई करते हुए लगातार निगरानी एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करे। राज्यपाल ने विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात, शिक्षकों की उपलब्धता तथा विषयवार शिक्षकों की स्थिति सहित विभिन्न मानकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने और उसे आगे बढ़ाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। जितने अधिक नागरिक शिक्षित होंगे, उतना ही देश मजबूत होगा।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा, पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा अरविंद शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बड़नगर में धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा

पावटा। ग्राम बड़नगर स्थित गणेश दास मंदिर स्थित शिवालय परिसर में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। रविवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा गोपाल बगीची महंत से प्रारंभ हुई, जिसे महंत ज्ञानदास महाराज ने विधिवत पूजा-अर्चना कर रवाना किया। श्रद्धालु धार्मिक जयकारों के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। सोमवार को रामायण पाठ के समापन अवसर पर विधिवत हवन-पूजन किया गया। हवन कुंड में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

## शिक्षा व्यवस्था की हालत खराब, सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार : जूली

अलवर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य की जर्जर शिक्षा व्यवस्था, खाली पदों और सरकारी दावों की पोल खोलते हुए भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने एक आँकड़ा जारी किया है कि हम स्कूलों के लिए 12,000 करोड़ से अधिक के काम कराएँगे तो सवाल यह है कि कब करवाएँगे और अब तक क्यों नहीं करवाया गया ?

जूली ने स्पष्ट शब्दों में पूछा है कि सरकार का 3 साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है, तब 12,000 करोड़ रुपये का बजट बताने का क्या तुक है? सरकार जवाब दे कि जब समय ही बहुत कम बचा है, तब यह पैसा कब और कैसे खर्च होगा? यह पैसा आखिर है कहाँ, किस स्कीम का है और इसका रोडमैप क्या है? केवल खोखले दावों से जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता।

- 'बहलाना-फुसलाना बंद करे सरकार, बचे हैं सिर्फ 2 साल, बताओ स्कूलों के 12 हजार करोड़ कब और कैसे खर्च करोगे'

प्रदेश में शिक्षा की बदहाली सुधारने के लिए जूली ने सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है, उनका कहना है कि सर्वदलीय बैठक बुलाएँ, आम जनता से भी सुझाव माँगिए, मीडिया से सुझाव माँगिए।

जूली ने कहा कि प्रदेश में स्कूलों की हालत दिन-ब-दिन खतरनाक होती जा रही है। कल ही डूंगरपुर में एक स्कूल की इमारत गिर गई। सरकार ने खुद 3,768 से अधिक स्कूलों को जर्जर घोषित कर रखा है और 85,000 से ज्यादा क्लासरूम की स्थिति बेहद खराब है।

## पावटा में शोभायात्रा निकाली

पावटा। रिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पावटा पहुंचे डाक कांवड़ियों का मंगलवार को नगर में भव्य शोभायात्रा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। 13 डाक कांवड़िये व 2 सेवादारों इस दौरान श्रीराम डाक कावड़ सेवा संघ राजू शर्मा, प्रहलाद सैन के नेतृत्व में आशीष पंचोली,राहुल शर्मा भांजा, वैभव सोनी, हरिओम भारद्वाज, मनोज सैनी, सोहनलाल सैनी, राजू सैनी, गजेंद्र सिसोदिया, अशोक जांगिड़, महेश सिसोदिया महेश कुमावत, रामोतार यादव ने करीब 62 घंटे में 450 किलोमीटर का पैदल दौड़ सफर तय कर पवित्र डाक कांवड पावटा पहुंचाई। ााचीन गोपाल भैया मंदिर के महंत मोहनदास रामायणी महाराज एवं बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर के महंत जयराम दास त्यागी महाराज, महंत श्री पुरुषोत्तम दास जी महाराज आश्रम श्री पोद्दार दास मंदिर, जोहड़ा धाम के सान्निध्य में निकली शोभायात्रा में साधु-संतों के साथ डाक कांवड़िए शामिल रहे।

## स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता का संदेश दिया

कोटपूतली। आगामी नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में राजकीय महाविद्यालय बानसूर परिसर में 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी सहित उपस्थित अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

अपर्णा गुप्ता ने युवाओं को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आगामी नगरीय निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का





एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया

आवश्यक रूप से प्रयोग करने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए जागरूक करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' जैसी गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश भी आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम नवनीत कुमार, डीएसपी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विशाल यादव सहित विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

## चौमूं में भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित

चौमूं / कालाडेरा । आगामी नगर निकाय चुनाव- 2026 की तैयारियों को सुदृढ़ करने तथा संगठनात्मक रणनीति को गति देने हेतु मंगलवार को चौमूं के खादी बाग रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा चुनाव संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

- चुनावी रणनीति के तहत कार्यों का बंटवारा किया



पूर्व विधायक रामलाल शर्मा तथा चुनाव प्रभारी सुमन शर्मा ने संचालन समिति के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।

की गई। बैठक में भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा तथा चुनाव प्रभारी सुमन शर्मा ने संचालन समिति के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और चुनावी रणनीति के तहत कार्यों का बंटवारा किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि "आगामी नगर परिषद चुनाव में पार्टी पूरी मजबूती और योजनाबद्ध रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी। इस बार प्रत्येक वार्ड में केवल जिताऊ और समर्पित उम्मीदवार को ही पार्टी का प्रत्याशी बनाया जाएगा।

कार्यकर्ताओं की निष्ठा और मेहनत के बल पर हम निश्चित रूप से चौमूं नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड बनाएंगे।

नगर परिषद चुनाव प्रभारी सुमन शर्मा ने बताया कि वार्डों में नियुक्त प्रभारी एवं सह-प्रभारियों ने अपना कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट सौंप दी है। अब प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रत्याशियों के पैनल तैयार कर पार्टी कार्यालय भेजे जाएंगे, जिसके बाद प्रदेश चुनाव समिति बैठकर अंतिम प्रत्याशी का चयन करेगी। उन्होंने जानकारी दी कि मदनलाल अग्रवाल को चुनाव संचालन समिति का संयोजक बनाया गया है, जो पूरे चुनाव की मॉनिटरिंग का कार्य संभालेंगे। इस अवसर पर नगर मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष अर्चना कुमावत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, नानूराम सैनी, कालूराम जाट, मुकेश सैनी, मातादीन अग्रवाल, हजारी लाल शर्मा, प्रहलाद टेलर, जितेन्द्र सिंह, राजेन्द्र कुमावत, एन.आर. यादव, महावीर सिंह, रूपकिशोर शर्मा, सुमन सैनी, वंदना दीक्षित, नेमीचंद बुनकर, महेश मीणा, अरविंद राव, सत्यनारायण पारीक, राजेन्द्र पाटनी अभिषेक सौरेला, राहुल बिवाल, मुकेश जिंदल, मनीष बजाज, सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## फुलेरा में शिव चालीसा पाठ सम्पन्न

फुलेरा। सावन माह के पावन अवसर पर स्कूल की ढाणी स्थित श्री काशी विश्वनाथ शिवालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के प्रत्येक सोमवार को संगीतमय शिव चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

सोमवार को सावन के चौथे सोमवार के अवसर पर आयोजित शिव चालीसा पाठ के साथ कार्यक्रम का समारोहपूर्वक समापन हुआ। आयोजन सहकर्ता सीताराम गौड़ ने बताया कि सनातन धर्म में सावन माह के दौरान भगवान शिव की उपासना का विशेष धार्मिक महत्व है।

इसी भावना के साथ सावन के प्रत्येक सोमवार को मंदिर परिसर में संगीतमय शिव चालीसा पाठ एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने परिवार सहित भाग लेकर भगवान भोलेनाथ की आराधना की तथा धर्मलाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आरती में भाग लिया। शिव की उपासना करने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कार्यक्रम में सीताराम गौड़, माधोलाल बड़ीवाल, छीतरमल बड़ीवाल, रामलाल बरड़वाल, चन्द्रप्रकाश किरोड़ीवाल, दीपक शर्मा, दौलतराम धांधल, राजू शर्मा, महेन्द्र कुमार सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।

## अमरपुरा में 'कानूनी अधिकार' विषय पर शिविर

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने लविन इंटरनेशनल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी अमरपुरा नगरपरिषद शाहपुरा क्षेत्र में दिव्यांग अधिनियम एक्ट 2016 के तहत कानूनी अधिकार विषय पर शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता प्रिंसिपल सुरेन्द्र कुमार यादव द्वारा की गई।

इस अवसर पर अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने दिव्यांग पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार, उनकी सुरक्षा, एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र कैसे बनता है। उसके क्या दूरगामी क्या प्रभाव होते है पर जानकारी दी गई।

सुप्रीम कोर्ट नेदिव्यांग अधिनियम 2016 के अंतर्गत दिव्यांग पीड़ित को प्रताड़ित करने वालों, उसके साथ मारपीट करने वालों को तत्वरित पुलिस कार्यवाही होती है। किसी सार्वजनिक स्थान पर दिव्यांग पीड़ित को जानबूझकर प्रताड़ित करने वाला व्यक्ति कोई भी हो, उसके विरूद्ध अपराधिक मामले बन सकता है, उस पर 5 लाख की पैनाल्टी भी हो सकती है और न्यायिक अधिकारियों द्वारा सजा का प्रावधान भी है। दिव्यांग पीड़ित को प्रधानमंत्री दिव्यांग पैंशन योजना, मुख्यमंत्री दिव्यांग पेंशन योजना, राजस्थान सरकार की रोडवेज बस में दिव्यांग प्रमाण 40 का है तो निशुल्क स्मार्ट कार्ड बनाये जाते है। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने नालसा जाग्रति योजना 2025 पर गरीबों और कमजोर वर्गों के लोगों को जागरूक बनाना एवं न्याय को पार्दर्शिता पहल को जमीनी स्तर पर उतारना जिसके गरीब परिवार के अंतिम छौर पर ग्रामीण, ढाणी ढाणी, आदिवासी जाति जनजातियों को सरल सस्ता सुलभता से न्याय मिले।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल से एक ही स्थान पर सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से शिविर आयोजित कर उनकी समस्याओ को तत्वरित निस्तारण कराया जा सके। गरीबों की महिलाओं बच्चों, अनपढ़ दिव्यांग पीड़ित, वरिष्ठ नागरिकों को घरेलू हिंसा से पीड़ित सभी को किसी विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और निश्चित दिन पर पूर्व घोषित शिविर का प्रचार प्रसार करके आयोजित शिविर में सभी को एक स्थान पर न्याय उपलब्ध कराया जा सके।

## 'मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करें'

कोटपूतली। आगामी नगरीय निकाय आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी अपर्णा गुप्ता ने मंगलवार को बानसूर एवं नारायणपुर में संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं, कार्मिकों की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण, कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मतदाता जागरूकता एवं स्वीप गतिविधियों, स्ट्रॉंग रूम, मतदान केंद्रों की स्थिति तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना सहित विभिन्न बिंदुओं की विभागवार समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन से संबंधित सभी दायित्वों का समयबद्ध एवं गंभीरता से निर्वहन सुनिश्चित किया जाए। मतदान केंद्रों पर बिजली, प्रकाश, पेयजल, रैंप सहित

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बानसूर एवं नारायणपुर में बैठक ली


आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें तथा मानसून को देखते हुए भवन एवं परिसर की व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर किसी भी प्रकार की कमी शेष नहीं रहनी चाहिए और आवश्यक व्यवस्थाओं को मतदान से पूर्व ही पूर्ण कर लिया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सभी अधिकारी आपसी समन्वय एवं प्रभावी संचार के साथ कार्य करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## किशनगढ़ बास में कलैक्टर व एसपी ने मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

किशनगढ़ बास। नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल प्रकाश व एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय, ने मंगलवार को किशनगढ़ बास नगर पालिका क्षेत्र का सघन दौरा कर 8 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सत्यवीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने किशनगढ़ बास क्षेत्र में स्थापित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बासकृपाल नगर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनगढ़ बास तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय



किशनगढ़ बास में मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर, एसपी, एसडीएम सहित अधिकारी।

दयालपुरा के सभी 8 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ से मतदाताओं की संख्या, मतदान केन्द्रों की स्थिति एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मतदान कक्षों में आवश्यकतानुसार पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त लाइट लगवाने के निर्देश दिए।

साथ ही प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पेयजल, विद्युत, रैम्प, शौचालय सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने अधिकारियों एवं कार्मिकों को चुनाव संबंधी सभी प्रोटोकॉल की पूर्ण पालना करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने

- पेयजल, बिजली, रैंप सहित मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने एवं संवेदनशील बूथों पर विशेष सुरक्षा इंतजाम के निर्देश

कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने भय एवं दबाव का वातावरण बनाने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखने तथा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर उड़न दस्ते के साथ पर्याप्त पुलिस जाप्ते की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शांतिपूर्ण एवं निर्भीक मतदान के लिए आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने पर जोर दिया।

## सार-समाचार

### कलश यात्रा में गूंजे मतदान जागरूकता के संदेश





निवाई। नगर निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारी गंभीर सिंह के निर्देशानुसार नगर पालिका के तत्वावधान में स्वीप प्रभारी रामेश्वर मीणा एवं सहप्रभारी मीरा चौधरी के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम के तहत महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसके दौरान मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर सजे हुए कलश धारण कर यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा के दौरान मेरा वोट, मेरा अधिकार, मजबूत लोकतंत्र की पहचान, हर मतदाता करे मतदान सहित विभिन्न मतदाता जागरूकता संदेशों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान निष्पक्ष, निर्भीक एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने तथा अपने मताधिकार का स्वयं प्रयोग करने के साथ अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अधिशाषी अधिकारी नवरतन शर्मा एवं विकास अधिकारी हंसराज गुर्जर, स्वीप प्रकोष्ठ की टीम सदस्य धनसिंह, पप्पूलाल, सुरेश, सुनील व रमेश सहित विकास अधिकारी, नगर पालिका, पंचायत समिति, चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजीविका, समेकित बाल विकास विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग की आशा सहयोगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं एएनएम सहित विभिन्न विभागों की महिला कार्मिकों की सहभागिता रही।

### टीकाराम जूली ने विधायक इन्दिरा मीणा के पिता को श्रद्धाजंली दी



टोंक। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली ने निवाई के जुगलपुरा ढाणी पहुँच कर बामनवास विधायक इंदिरा मीणा के पिता स्वर्गीय जगदीश प्रसाद मीणा के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कीं। इस दौरान कांग्रेस नेता हंसराज गाता, ब्लॉक अध्यक्ष शंकर चौधरी, शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा, ब्रह्म प्रकाश गुर्जर, राजेश चौधरी, हंसराज गुर्जर, सीताराम अलियाबाद राजेंद्र चौधरी सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उर्स मुबारक के झंडे की रस्म अदा की

मनोहरपुर। हजरत ख्वाजा हाजी सूफी अब्दुल मजीद बिस्मिल रह. सीकर वाले के खलीफा ए खाश हजरत सूफी याकूब अली शाह साहब आशिकी बिस्मिल रह. का 28 वा उर्स मुबारक पर आज खानकाहे आशिकी के सज्जादा नशीन सूफी सरफुद्दीन अली बबलू शाह साहब आशिकी की सदारत में झंडे की रस्म अदा की गई सूफी सरफुद्दीन आशिकी ने बताया उर्स मुबारक की सरपरस्ती खानकाहे बिस्मिल सीकर के सज्जादा नशीन हजरत सूफी मोइनुद्दीन जिलानी शाह साहब बिस्मिल करेंगे उर्स मुबारक नाहरी का नाका कब्रिस्तान जयपुर में 27 अगस्त को बड़ी अकीदत एहतराम के साथ मनाया जाएगा दोपहर 3 बजे चद्दर महफिल क़व्वाली होगी शाम 6 बजे मजारे अकदस पर चद्दर अकीदत के फूल पेश किए जाएंगे शाम 7 बजे लंगर पर नियाज़ होगी आए हुवे जायरीन में लंगर तकसीम किया जाएगा रात 10 बजे हल्का ए जिक्र सलातो सलाम और महफिले कव्वाली होगी कव्वाल पार्टी शहादत अली जयपुर ,हाजी टीमू गुलफाम जयपुर, दीन मोहम्मद जयपुर ओर साजिद हुसैन इकबाल कादरी सीकर सूफियाना कलाम पेश करेंगे सुबह 4 बजे कुल ओर रंग की महफिल होगी हिंदुस्तान के सभी शहरों से मुरीद अकीदतमंद उर्स मुबारक में शिरकत करेंगे प्रोग्राम में सूफी सरफुद्दीन अली आशिकी, सूफी नईमुद्दीन शाह अबुल उलाई, बन्ना भाई, इकराम भाई, चांद भाई कानपुर , टीटू फूल वाला, इरशाद अली आगरा, जमालुद्दीन, मैनुद्दीन, इशाक भाई, शोएब अली, चांद कन्नौज, शकील भाई आदि शामिल थे।

### पालिका चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा

निवाई। राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा के फार्म हउस पर ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट एवं शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा के सानिध्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को नगर पालिका चुनाव को लेकर क्षेत्र में चल रही पार्टी की विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों एवं तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। शंकरलाल जाट व शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा ने संगठन की जमीनी स्तर पर मजबूती, वार्ड स्तर पर चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियानों एवं जनहित के मुद्दों को लेकर पार्टी के कार्यक्रमों से अवगत कराया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने एवं जनता के बीच सक्रियता बनाए रखने का आव्हान किया। इस अवसर पर ब्रह्मप्रकाश गुर्जर, सुरेंद्र बेनीवाल, सीताराम शर्मा आलियाबाद, राजेश चौधरी, जयनारायण मीणा, हंसराज गाता, शिवराज करीरिया, प्रवीण माणु, हंसराज गुर्जर, मांगीलाल गुर्जर, दुर्गालाल सैनी, गोविंद चौधरी, सीताराम कटारा, आरिफ कुरैशी एवं तनवीर सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

### अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर सामान बेचने पर कार्रवाई

अलवर। जिले में उपभोक्ता संरक्षण के लिए अधिक मूल्य पर वस्तुओं की बिक्री (अंकित मूल्य/एमआरपी से अधिक) की जांच हेतु संचालित विशेष अभियान के तहत आज 4 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 2 प्रतिष्ठानों से 10 हजार रूपये की जुर्माना राशि वसूल की गई। उपभोक्ता मामले विभाग के विधिक माप विज्ञान अधिकारी ब्रिजेश सेठी ने बताया कि विभागीय टीम द्वारा अलवर शहर में रिलायंस मार्ट मॉल एवं राजा रिटेल शॉप पर डिब्बा बंद वस्तु अधिनियम 2011 के तहत 5-5 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया तथा एमआरपी पर वस्तुएं बेचने हेतु पाबंद किया गया। उपभोक्ता हितों के संरक्षण हेतु विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी अभियान जारी रहेगा।

### कांग्रेस के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

निवाई। निकाय चुनाव 2026 को लेकर कांग्रेस के तत्वावधान में 26 अगस्त सुबह 10 बजे गंगा-जमना गार्डन में प्रधान चुनाव कार्यालय का विधिवत समारोह पूर्वक उद्घाटन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट व शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि उद्घाटन समारोह में सभी 40 वार्डों से टिकट के दावेदार अपने समर्थकों के साथ शामिल होंगे। इस अवसर पर सांसद हरीश मीणा, राजस्थान प्रभारी राजेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा, जिलाध्यक्ष सउद सईद सहित सभी वार्ड प्रभारी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### लक्खी मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आज

निवाई। श्री देवनारायण मन्दिर ट्रस्ट जोधपुरिया के तत्वावधान में आयोजित लक्खी मेले की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर 26 अगस्त को ट्रस्ट अध्यक्ष नरेश गुर्जर दौसा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। देवनारायण जी के लक्खी मेले को लेकर बुधवार को प्रातः 11 बजे मन्दिर प्रांगण में बैठक आयोजित होगी। जिसमें फ्लावर डेकोरेशन, लाइट डेकोरेशन, माइक व्यवस्था, मंच व्यवस्था, टेन्ट व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था व भोजन व्यवस्था हेतु खुली बोली द्वारा टेन्डर प्रक्रिया आयोजित होगी।